# अंडरग्राउंड मेट्रो के दूसरे फेज के ट्रायल रन की तैयारी शुरू

## पहले फेज में आरे से बीकेसी, दूसरे में बीकेसी से वर्ली, तीसरे में कोलाबा तक शुरू होगी मेट्रो

Pankaj.Pandey
@Timesgroup.com

■ **मुंबई:** मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएसआरसी) ने मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो के दूसरे फेज पर ट्रायल रन शुरू करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। एमएसआरसी के अनुसार, आगामी कुछ सप्ताह में बीकेसी के बजाय वर्ली तक मेट्रो का ट्रायल रन शुरू कर दिया जाएगा। वर्ली तक मेट्रो को दौड़ने के लिए पटरी बिछाने का काम काफी पहले ही हो चुका है। वहीं मार्ग पर अन्य उपकरण लगाने का काम भी करीब-करीब पूरा हो गया है। पिछले साल के अंत से मेट्रो-3 के आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो का इंटीग्रेटेड ट्रायल रन चल रहा है। पहले फेज में मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए अनिवार्य सभी तरह की अनुमति आगामी दो महीने में प्राप्त होने की उम्मीद है।

एमएसआरसी के अधिकारी के अनुसार, आरे से बीकेसी के बीच ट्रायल रन की प्रक्रिया अंतिम चरण के करीब पहुंच गई है। मौजूदा समय में ट्रेन में हेवीवेट रख कर ट्रेन और मार्ग की जांच का काम चल रहा है। इस दौरान मेट्रो को 95 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से दौड़ाकर उसके सभी उपकरणों की जांच हो रही है। मेट्रो दौड़ाने के साथ ही सिग्नलिंग सिस्टम, टेलीकम्युनिकेशन, प्लैटफॉर्म स्क्रीन डोर और ट्रैक की टेस्टिंग का भी काम चल रहा है। जल्द ही मेट्रो मार्ग की थर्ड पार्टी जांच की प्रक्रिया होगी। इसके बाद फाइनल टेस्ट के लिए मेट्रो रेल सेफ्टी बोर्ड (सीएसआरएस) को आमंत्रित किया जाएगा। पहले फेज का काम अंतिम चरण के करीब पहुंचने के बाद मेट्रो प्रशासन ने दूसरे फेज का काम तेज कर दिया है। पहले फेज में 9 ट्रेन के साथ सेवाएं शुरू की जाएंगी। सभी 9 ट्रेनों की जांच का काम पूरा कर लिया गया है। एमएसआरसी के अनुसार, दूसरे फेज में मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए मेट्रो की अतिरिक्त 11 ट्रेन मुंबई पहुंच चुकी हैं। अतिरिक्त 11 ट्रेनों की टेस्टिंग का भी काम शुरू कर दिया गया है।

### जुलाई तक पहले फेज में मेट्रो सेवा शुरू होने की उम्मीद | बीकेसी के बजाय वर्ली तक जल्द दौड़ेगी मेट्रो

### 95% तक मार्ग तैयार

आरे से कोलाबा के बीच अंडरग्राउंड मेट्रो तैयार की जा रही है। पूरे मार्ग पर टनल तैयार करने और पटरी बिछाने का काम करीब हो चुका है। पूरे मार्ग पर उपकरण लगाने का काम चल रहा है। मेट्रो का पूरा मार्ग करीब 95 फीसदी तक तैयार कर लिया गया है। एमएसआरसी ने मेट्रो के पूरे मार्ग पर तीन फेज में सेवाएं शुरू करने की योजना बनाई है। पहले फेज में आरे से बीकेसी, दूसरे फेज में बीकेसी से वर्ली और तीसरे फेज में वर्ली से कोलाबा के बीच मेट्रो सेवाएं शुरू की जाएंगी। जुलाई तक पहले फेज में मेट्रो सेवा शुरू होने की उम्मीद है। वहीं 2024 के अंत या 2025 के शुरुआती महीनों में पूरे मार्ग पर सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है।

### इस तरह हो रहा ट्रायल

- ट्रेन में हेवी वेट रख कर ट्रेन और मार्ग की जांच का चल रहा है काम
- मेट्रो को 95 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से दौड़ाकर उपकरणों की हो रही जांच
- सिग्नलिंग सिस्टम, टेलीकम्युनिकेशन, प्लैटफॉर्म स्क्रीन डोर और ट्रैक की टेस्टिंग का भी चल रहा काम